**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 28.07.2025** **समय : 01:00 पी.एम.**

प्रदेश में इस मानसून सीजन में औसत से 89 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गयी है। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 1 जून से 26 जुलाई तक राज्य में औसतन 187 दशमलव 6 मिलीमीटर बारिश होती है, जबकि इस बार अब तक 353 दशमलव 9 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है, जो औसत से 89 प्रतिशत ज्यादा है। इस बीच प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम और कहीं–कहीं भारी से अतिभारी तथा एक दो स्थानों पर अत्यंत भारी वर्षा दर्ज की गयी। पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम और एक–दो स्थानों पर भारी बारिश रिकॉर्ड हुई। प्रदेश में सबसे ज्यादा 24 सेंटीमीटर वर्षा कोटा के रामगंज मंडी में रिकॉर्ड की गई। डग में 17, झालरापाटन में 16, जहाजपुरा में 15, अटरू, अरनोद और बिजोलिया में 14–14, प्रतापगढ में 13, झालावाड और निम्बाहेडा में 12–12, पिरावा, पचपहाड और देवली में 11–11 सेंटीमीटर वर्षा हुई। भीलवाड़ा के बिजौलिया उपखंड क्षेत्र के तिलस्वा गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण पूरा गांव जलमग्न हो गया है। गांव के अधिकांश घरों, दुकानों और मंदिरों में पानी आ जाने से अतिवृष्टि के हालात बन गए हैं। श्रद्धालु मंदिर में फंसे हुए हैं। एरू नदी पर बनी पुलिया पर लगभग 8 फीट ऊंचाई तक पानी बह रहा है, जिससे तिलस्वा गांव का संपर्क अन्य गांवों और कस्बों से पूरी तरह कट गया है। गंभीर हालात को देखते हुए प्रशासन ने देर रात से राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। वहीं भरतपुर में दो अलग–अलग स्थानों पर पानी में डूबने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई। विभाग के अनुसार आज प्रदेश के दक्षिण–पूर्वी और उत्तर पूर्वी हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश की आशंका है। सवाईमाधोपुर, बारां, झालावाड भरतपुर और करौली जिलों के लिए आज बारिश का रेड अलर्ट है। 30 जुलाई तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना बनी रहेगी।

00000

मॉनसून के चलते प्रदेशभर में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर चिकित्सा विभाग सजग है। जैसलमेर के शहरी क्षेत्र में सर्वे अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 11 टीमें गठित की गयी है। इन टीमों द्वारा घरों पर मार्किंग करने, मौसमी बीमारियों के बचाव और उपचार के संबंध में आमजन को जागरूक करने सहित कई गतिविधियां की जा रही है।

00000

सावन माह का आज तीसरा सोमवार है। इस अवसर पर विभिन्न शिवालयों में बम बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों के साथ श्रद्धालु भगवान शिव के अभिषेक के लिए पंहुच रहे है। भोलेनाथ का दूध, जल, बिल्व पत्र से विशेष अभिषेक किया जा रहा है। मंदिरों में रूद्राभिषेक के आयोजन हो रहे है। विभिन्न पवित्र स्थलों से कावडिये जल लाकर शिवजी का पूजन कर रहे है।

0000

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से जन आधार एप्लीकेशन का अपग्रेडेड वर्जन लॉन्च किया गया है। विभाग की शासन सचिव अर्चना सिंह ने बताया कि इस नये एप्लीकेशन के आधुनिक इंटरफेस के माध्यम से जन आधार से संबंधित कामों को अधिक आसान, सुरक्षित और तेज गति से संपादित किया जा सकेगा। जन आधार, प्रदेश के नागरिकों का परिवार पहचान कार्ड है, इसका उद्देश्य विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सहज और पारदर्शी तरीके से नागरिकों तक पहुंचाना है।

00000

नागौर के गोटन थाना क्षेत्र में कल देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा गोटन के इंदावड़ गांव की सरहद पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने मोटरसाईकिल सवार युवकों को कुचल दिया। दोनों युवक मेड़ता से इंदावड़ लौट रहे थे।

0000